मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी - मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य - सूची

गुरुवार, दिनांक 5 मार्च, 1992 (फाल्गुन 15, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री रामलखन शर्मा, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम मनकाडाद निवासी एक व्यक्ति का अपहरण किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री प्रकाश जैन, सदस्य, सागर नगर में अम्बेडकर वार्ड स्थित एक बीड़ी गोदाम को तोड़े जाने की ओर स्थानीय शासन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति/स्वीकृति

(1) डा. शक्राजीत नायक, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के चौदहवें प्रतिवेदन से सहमत है".

(2) श्री गोपाल भार्गव, सभापति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति का तृतीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

(3) लाल राजेन्द्र सिंह बघेल, सभापति, आश्वासन समिति का चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री उमराव सिंह, सदस्य,

(क) जिला खरगोन के बड़वानी को आदिवासी जिला घोषित किये जाने, तथा
(ख) जिला खरगोन विकास खण्ड टीकरी बड़वानी राज्य मार्ग के नहाली नदी पर पुल निमार्ण कराये जाने,

(2) श्री नानालाल पाटीदार,सदस्य, जिला मंदसौर के निम्बोद के अशासकीय टैगोर उ.मा.वि. को शासनाधीन किये जाने,

(3) श्री रामसिंह धुव, सदस्य, जिला मण्डला के ग्राम डुगरिया से मालपुर मार्ग का डामरीकरण कराये जाने,

(4) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, जिला भोपाल के कोटरा सुल्तानाबाद में डामरीकरण, स्ट्रीट लाईट एंव नियमित साफ सफाई की व्यवस्था कराये जाने,

(5) श्री दुलीचन्द जैन, सदस्य, जिला मन्दसौर के तहसील जावद के ग्राम गुलसरी में स्टाप डेम बनाने,

(6) श्रीमती रानी दुबे, सदस्य,

(क) जिला जबलपुर ग्राम स्लीमनाबाद के पूर्व पशु औषधालय को पुनः खुलवाये जाने,
(ख) जिला जबलपुर के ग्राम स्लीमनाबाद के पशु गर्भाधान केन्द्र का भवन निर्माण कराये जाने,
(ग) जिला जबलपुर के स्लीमनाबाद में शासकीय महाविद्यालय का भवन निर्माण कराये जाने, तथा
(घ) जिला जबलपुर के तपतकुण्ड पहुँच मार्ग एंव कटनी नदी पर रपटा निर्माण कराये जाने,

(7) श्री लक्ष्मण जयदेव सतपथी, सदस्य,

(क) जिला रायपुर के भोवलूडिह में पूर्व माध्यमिक शाला खोले जाने,
(ख) जिला रायपुर के बसना नगर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोले जाने,
(ग) जिला रायपुर के बसना नगर में स्पोर्टस काम्पलेक्स बनाये जाने,
(घ) जिला रायपुर के बसना प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र का विस्तार कराये जाने, तथा
(ड) जिला रायपुर के बसना नगर के शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराये जाने,

(8) डा. गोविन्द सिंह, सदस्य,

(क) जिला भिण्ड के ग्राम ररी से काथा तक सड़क का डामरीकरण कराये जाने,
(ख) जिला भिण्ड में बिडखरी से चचाई तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(ग) जिला भिण्ड के मिहोना नगर के ग्राम मछारिया व वौंहारा तक सड़क निर्माण कराये जाने, तथा
(घ) जिला भिण्ड के लहार छत्तारेपुरा मार्ग से ग्राम सुन्दरपुरा तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने

के संबध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे।

निर्धारित समय			
	5. वर्ष 1992-93 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)		
2 घन्टे 30 मिनिट	(1)	मांग संख्या 08	भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन
		मांग संख्या 09	राजस्व विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 35	पुनर्वास
		मांग संख्या 51	धार्मिक न्यास और धर्मस्व
		मांग संख्या 58	प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय.
1 घन्टा 30 मिनिट	(2)	मांग संख्या 07	वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय
2 घन्टे	(3)	मांग संख्या 10	वन
2 घन्टे	(4)	मांग संख्या 30	पंचायत एवं ग्रामीण विकास से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 38	रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत अतिरिक्त व्यय
		मांग संख्या 50	बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 62	ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपालः
दिनांकः 4 मार्च, 1992